# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

## –:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::–

क्र0/6596/अंग्रेजी मा./संविदा भर्ती/बैकलॉग/2024–25 जांजगीर दिनांक 23/10/2024

जिले में संचालित कुल 08 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में विभिन्न शैक्षणिक पदों पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों द्वारा त्यागपत्र दिये जाने एवं कार्यभार ग्रहण नहीं किये जाने के फलस्वरूप रिक्त बैकलॉग (Backlog) संविदा पदों की पूर्ति किया जाना है, तदानुक्रम में निम्नलिखित अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए विभिन्न शैक्षणिक संविदा पदों पर इच्छुक आवेदकों से विज्ञापन जारी दिनांक से दिनांक 06/11/2024 रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाईन आवेदन वेवसाईट https://janjgir-champa.gov.in पद पर आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जाएंगे अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

## –:: विद्यालयवार विज्ञापित बैकलॉग पदों का विवरण ::–

### ➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक–01 जांजगीर :–

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | | अ.पि.व. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | |
| 1 | प्रयोगशाला सहायक (अंग्रेजी माध्यम) | जीवविज्ञान | - | - | - | - | 01 | - | - | - | **01** | 25300 |

### ➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय अकलतरा :–

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | | अ.पि.व. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | |
| 1 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | गणित | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | 35400 |
| | | विज्ञान | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | |
| | | सामाजिक विज्ञान | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | |
| 2 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | – | - | - | - | - | 02 | - | - | - | **02** | 25300 |
| 3 | प्रयोगशाला सहायक (अंग्रेजी माध्यम) | – | - | - | - | - | 01 | - | - | - | **01** | 25300 |
| | **योग** | | **03** | **0** | **0** | **0** | **03** | **0** | **0** | **0** | **06** | |

### ➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बलौदा :–

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | | अ.पि.व. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | |
| 1 | व्याख्याता (अंग्रेजी माध्यम) | वणिज्य | - | - | - | - | 01 | - | - | - | **01** | |
| 2 | व्याख्याता (हिन्दी माध्यम) | गणित | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | 38100 |
| 3 | शिक्षक (हिन्दी माध्यम) | संस्कृत | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | 35400 |
| 4 | शिक्षक कम्प्यूटर | – | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | 35400 |
| 5 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | – | 01 | - | 01 | - | 01 | - | - | - | **03** | 25300 |
| 6 | प्रयोगशाला सहायक (अंग्रेजी माध्यम) | – | 01 | - | 01 | - | - | - | - | - | **02** | 25300 |
| | **योग** | | **05** | **0** | **02** | **0** | **02** | **0** | **0** | **0** | **09** | |

➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बम्हनीडीह :–

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | | अ.पि.व. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | |
| 1 | व्याख्याता (अंग्रेजी माध्यम) | संस्कृत | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 38100 |
| | | जीवविज्ञान | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | |
| | | भौतिक | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | |
| | | वाणिज्य | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 2 | |
| 2 | व्याख्याता (हिन्दी माध्यम) | जीवविज्ञान | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 38100 |
| 3 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | गणित | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 35400 |
| | | अंग्रेजी | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | |
| | | सामाजिक विज्ञान | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | |
| 4 | प्रधान पाठक (प्राथमिक) अंग्रेजी माध्यम | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 35400 |
| 5 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | - | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 2 | 25300 |
| | योग | | 10 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 12 | |

➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पामगढ़ :–

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | | अ.पि.व. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | |
| 1 | व्याख्याता (अंग्रेजी माध्यम) | गणित | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 38100 |
| | | भौतिक शास्त्र | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | |
| | | वाणिज्य | - | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | |
| | | हिन्दी | - | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | |
| 2 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 35400 |
| | | गणित | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | |
| | | सामाजिक विज्ञान | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | |
| 3 | प्रधान पाठक (प्राथमिक) अंग्रेजी माध्यम | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 35400 |
| 4 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | - | 1 | - | 1 | - | 2 | - | - | - | 4 | 25300 |
| 5 | प्रयोगशाला सहायक (अंग्रेजी माध्यम) | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | 25300 |
| | योग | | 7 | 0 | 1 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 13 | |

➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय चांपा :–

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | | अ.पि.व. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | |
| 1 | सहायक शिक्षक(अंग्रेजी माध्यम) | - | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 25300 |

➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बी.डी.एम.सारागांव :–

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | | अ.पि.व. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | |
| 1 | व्याख्याता (अंग्रेजी माध्यम) | सामाजिक विज्ञान | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 38100 |
| 2 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 35400 |
| 3 | सहायक शिक्षक(अंग्रेजी माध्यम) | - | 2 | - | 1 | - | - | - | 1 | - | 4 | 25300 |
| | योग | | 4 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 6 | |

➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय नवागढ़ :–

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | | अ.पि.व. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | |
| 1 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | विज्ञान | - | - | 1 | - | - | - | - | - | 1 | 35400 |
| | | सामाजिक विज्ञान | - | 1 | | - | - | - | - | - | 1 | |
| | | अंग्रेजी | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | |
| 2 | सहायक शिक्षक(अंग्रेजी माध्यम) | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | 25300 |
| | योग | | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 4 | |

## 1) न्यूनतम शैक्षणिक / व्यावसायिक / तकनीकी अर्हता :–

**i) व्याख्याता :–**

a) अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु (व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत को छोड़कर) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं **हिन्दी माध्यम के पदों के लिये माध्यम की कोई बाध्यता नहीं होगी।**

b) **व्यवसायिक योग्यता** –बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

c) **शैक्षणिक योग्यता** –किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से द्वितीय श्रेणी में आवेदित विषय में निम्नानुसार स्नातकोत्तर / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | हिन्दी | हिन्दी |
| 2 | अंग्रेजी | अंग्रेजी |
| 3 | संस्कृत | संस्कृत / क्लासिक्स / आचार्य |
| 4 | भौतिक | भौतिक / इलेक्ट्रॉनिक्स / एप्लाईड भौतिकी / न्यूक्लियर भौतिकी |
| 5 | गणित | गणित / एप्लाईड गणित |
| 6 | जीवविज्ञान | वनस्पतिशास्त्र / प्राणी शास्त्र / लाइफ साइन्स / जैविकी / अनुवांशिकी (जेनेटिक्स) / सूक्ष्म जैविकी (माइक्रोबायोलॉजी) / जैव प्रोद्योगिकी (बायोटेक्नॉलाजी) / आणविक जीवविज्ञान (मालिकुलर बायोलॉजी) / पादप कार्यिकी (प्लान्ट फिजियोलॉजी) तथा स्नातक स्तर में प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पति शास्त्र विषय रहा हो। |
| 7 | वाणिज्य | एकाउन्टेसी सहित वाणिज्य / कास्ट एकाउटिंग / फाइनेन्सियल एकाउन्टेंसी मुख्य विषय के रूप में रहा हो। |
| 8 | समाजिक विज्ञान | इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय अनिवार्य होगा। |

**ii) शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) :–**

a) अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं **हिन्दी माध्यम के पदों हेतु हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल परीक्षा के लिये माध्यम की कोई बाध्यता नहीं है।**

b) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रायोजन के लिये जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा सी.टेट / सी.जी.टी.ई.टी. माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण उत्तीर्ण अनिवार्य है।

c) **व्यवसायिक योग्यता** –बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा शिक्षक कला हेतु वाणिज्य संकाय मान्य नहीं है।

d) **शैक्षणिक योग्यता** –किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से निम्नानुसार आवेदित विषय में 50% अंकों के साथ स्नातक / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | अंग्रेजी | अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो। |
| 2 | संस्कृत | संस्कृत स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो। |
| 3 | सामाजिक विज्ञान | इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय अनिवार्य होगा। |
| 4 | विज्ञान | रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, सैन्य विज्ञान एवं भू–गर्भ विज्ञान में से कोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो। |
| 5 | गणित | गणित के साथ निम्नलिखित में से कोई दो विषय – भौतिक / रसायन / इलेक्ट्रॉनिक्स / कम्प्यूटर साईंस / सांख्यिकी, सैन्य विज्ञान / भू–गर्भ विज्ञान। |

### iii) सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) :–

a) **शैक्षणिक योग्यता** – आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** से हाई स्कूल तथा न्यूनतम 50% अंकों के साथ हायर सेकण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

b) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रायोजन के लिये जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा सी.टेट / सी.जी.टी.ई.टी. प्राथमिक स्तर उत्तीर्ण, होना अनिवार्य है।

c) **व्यवसायिक योग्यता** – डी.एड. / डी.एल.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### iv) प्रयोगशाला सहायक (अंग्रेजी माध्यम) :–

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम विद्यालय** से हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

b) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त मंडल से जीव विज्ञान / गणित विषय में न्यूनतम 50% अंकों के साथ हायर सेकण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### v) प्रधान पाठक (प्राथमिक) अंग्रेजी माध्यम :–

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम विद्यालय** से हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

b) **व्यवसायिक योग्यता** – बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रायोजन के लिये जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा सी.टेट / सी.जी.टी.ई.टी. में उत्तीर्ण, तथा

c) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से 50% अंको के साथ स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### vi) कम्प्युटर शिक्षक :–

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

b) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंको के साथ बी.सी.ए., बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस), बी.एस.सी. (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी), बी.ई. / बी.टेक (कम्प्यूटर साईंस), बी.ई. / बी.टेक (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी)

## 2) संविदा भर्ती हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :–

1. संविदा भर्ती हेतु चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य की जावेगी। नियुक्त अभ्यर्थी पर छ.ग. संविदा भर्ती नियम 2012 एवं समय–समय पर संशोधित समस्त नियम एवं शर्तें लागू होंगे।

2. उपरोक्त सेजेस विद्यालयों में संविदा पद पर माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक / 19668 / 2022 के अंतिम ओदश के अधीन होगी। विज्ञापन के पदों मे जिले के सेटअप के अनुसार 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।

3. पदों की संख्या परिवर्तनीय है।

4. **अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।**

5. अभ्यर्थियों को एक से अधिक पद के लिये पृथक–पृथक लिंक पर जाकर आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

6. अभ्यर्थियों द्वारा जांजगीर–चांपा जिले के वेवसाईट https://janjgir-champa.gov.in में दर्शित गूगल फार्म के माध्यम से शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पद हेतु आवेदन दिनांक 06.../..11../**2024 रात्रि 11:59** बजे तक आमंत्रित किये जाते है। गुगल फार्म के द्वारा किया गया आवेदन ही मान्य होगा। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन अमान्य है एवं उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

7. संविदा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचित छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के प्रावधानों के अनुसार की जावेगी ।

8. संविदा नियुक्ति पदों पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है। शासन / समिति के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय सेवा से पृथक की जा सकता है।

9. **आवेदक सुनिश्चित करें कि उनकी कक्षा 10वीं एवं समस्त उच्चतर कक्षाएं अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है अगर अभ्यर्थी की कक्षा 10वीं से समस्त उच्चतर योग्यता तक किसी भी कक्षा में माध्यम अंग्रेजी नहीं होगा तो अभ्यर्थी को अपात्र कर दिया जायेगा। व्याख्याता / शिक्षक हिन्दी एवं संस्कृत विषय के साथ हिन्दी माध्यम के पदो के लिए माध्यम की बाध्यता नहीं होगी।**

10. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

11. संविदा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 अक्टूबर 2024 को 21 वर्ष से कम एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर) महिलाओ, निःशक्तजन, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों एवं भूतपूर्व सैनिकों को छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा किन्तु सभी देय छूटो को मिलाकर उनकी अधिकतम आयु–सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।

12. **अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जावेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को अपात्र किया जा सकेगा। आवेदक यह सुनिश्चित कर ले कि आवेदन की अंतिम तिथि के पूर्व समस्त योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध हो।**

13. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचित संविदा भर्ती नियम एफ–9–01 / 2012 / 1–3 दिनांक 31 दिसम्बर 2012 एवं संशोधित दिनांक 30 दिसम्बर 2019 नियोक्ता एवं नियुक्त कर्मचारी के लिए लागू होगा।

14. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचित संविदा भर्ती नियम 2012 के तहत अधिसूचित अवकाश नियम नियुक्त संविदा कर्मचारी के लिये लागू होगा।

15. संविदा कर्मचारी को संविदा अवधि में पेंशन, मृत्यु लाभ या अन्य कोई भी लाभ जो छ.ग. शासन के नियमित कर्मचारी को प्राप्त है, की पात्रता नहीं होगी।

16. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा पर्याप्त कारण से विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है।

17. नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान वाद–विवाद की स्थिति मे चयन समिति का निर्णय अंतिम, सर्वमान्य एवं बंधनकारी होगा।

18. अपूर्ण एवं त्रुटि पूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जावेंगे। अमान्य आवेदनों के संबंध मे पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

19. यदि कोई पद प्रतिनियुक्ति से भर जाता है तो इस पद पर संविदा नियुक्ति नहीं कि जायेगी।
20. भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर सीधी भर्ती किए जाने पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
21. राज्य शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल हेतु समय–समय पर जारी निर्देशों के अधीन पंजीकृत सोसायटी विद्यालय के संचालन व शर्तों से संबंधित नियम/निर्देश जारी करेगी जो सर्वमान्य व सभी के लिए बंधनकारी होगा।
22. अनु0 जाति/अनु.जन जाति अन्य पिछड़ा वर्ग. (क्रिमीलेयर को छोड़कर) के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र सत्यापन के समय संलग्न करना आवश्यक है। प्रमाण पत्र के अभाव में आरक्षण का लाभ नही दिया जावेगा। आवश्यक होने पर चयन समिति प्रमाण पत्र की वैधता की जॉच करा सकती है।
23. **शिक्षक, सहायक शिक्षक पद हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।**
24. किसी भी अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा पर होने पर वह नियमितिकरण के लिए किसी भी प्रकार का दावा नहीं करेगा।
25. अभ्यर्थियों की चयन सूची प्रकाशन दिनांक से 01 वर्ष हेतु मान्य होगी।

## 3) चयन प्रक्रिया :–

**संविदा भर्ती हेतु चयन प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :–**

1. आवेदन एवं चयन प्रक्रिया तथा रिक्त पदों के आरक्षण के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि शैक्षणिक जिला जांजगीर–चांपा हेतु कुल 08 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्वीकृत किये गये है, जिनके लिये पृथक–पृथक मानव संसाधन (शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक) सेट–अप प्रत्येक विद्यालय को पृथक–पृथक ईकाई मानकर स्वीकृत किया गया है, जिसपर नियुक्ति का अधिकार संबंधित विद्यालय की प्रबंधन एवं संचालन समिति को दिया गया है। चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, श्रम एवं संसाधन की बचत, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पात्र एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थियों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से एकीकृत ऑनलाईन आवेदन लिये जा रहे हैं। जिले में पूर्व से संचालित 08 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों मे विभिन्न शैक्षणिक/गैरशैक्षणिक पदों पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों द्वारा त्यागपत्र दिये जाने/कार्यभार ग्रहण नहीं किये जाने के फलस्वरूप रिक्त बैकलॉग संविदा पदो हेतु प्रवर्गवार एवं विषयवार एकीकृत मेरिट सूची तैयार कर स्वीकृत कुल पदों का योग करते हुये अधिकतम **10 गुना** तक, अभ्यर्थियों को मूल प्रमाणपत्रों की जाँच/सत्यापन तथा साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा हेतु आहूत किया जावेगा। न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के भारांश एवं साक्षात्कार तथा कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको का योग कर अंतिम एकीकृत मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा अंतिम मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियों को किसी भी संस्था में पदस्थ किया जावेगा।
2. प्रतिक्षा सूची से नियुक्ति, पूर्णतः पदों की रिक्तता के आधार पर होगी।
3. आवेदित पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। यदि अभ्यर्थी के प्राप्तांक समान हों तो समान अंक वाले सभी अभ्यर्थीयों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जावेगा।
4. उक्त विज्ञापित पदों के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में आमंत्रित करने हेतु व्यवसायिक योग्यता के प्राप्तांक को भारांश में शामिल नहीं किया जावेगा।
5. अंतिम चयन सूची हेतु निम्नांकित तालिका अनुसार गणना की जायेगी :–

| क्र | पदनाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का अंक भार | साक्षात्कार/प्रायोगिक/ कौशल परीक्षा का अंक भार | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | समस्त विज्ञापित पदों हेतु | **70%** | **30%** (शैक्षणिक कौशल, विषय ज्ञान, अंग्रेजी सम्प्रेषण व साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षा हेतु) | **100%** |

## 4) नियुक्ति अवधि :–

1. छत्तीसगढ़ सविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के नियम 4 (1) के अंतर्गत उल्लेखित संविदा नियुक्ति के पदों पर संविदा नियुक्ति **तीन वर्ष** की अवधि के लिये की जावेगी। तथापि राज्य सरकार आवश्यकता के आधार पर तथा संविदा आधार पर नियुक्ति की उपयुक्तता तथा कर्मचारी की कार्यक्षमता का आंकलन करने के पश्चात् संविदा नियुक्ति की अवधि बढ़ायी जा सकेगी जो कि, शासन के आगामी निर्देश के अंतर्गत अधिनियमित होगा।
2. संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों (प्रथम पक्ष नियोक्ता एवं द्वितीय पक्ष अभ्यर्थी) में से नियोकता पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी। जबकि द्वितीय पक्ष को सेवा से त्याग पत्र देने की स्थिति में 01 माह का वेतन चालान के माध्यम से जमा कराना होगा या एक माह पूर्व सूचना देनी होगी। **संविदा अवधि समाप्ति पर बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त की जा सकेगी।**

## 5) निरर्हताएँ :–

1. ऐस समस्त अभ्यर्थी जिन्हे शासन द्वारा सेवा रो पृथक किया गया है अथवा सेवावृद्धि रोकी गई है। आवेदन हेतु अपात्र होगें।
2. यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आवेदन के दौरान किसी भी प्रकार की कूटरचित/भ्रामक/गलत जानकारी प्रदान की गई है अथवा आवश्यक जानकारी छुपाई गई है, तो संबंधित आवेदक के विरूद्ध विधि सम्मत कार्य–कार्यवाही की जावेगी जिसकी जवाबदारी संबंधित आवेदक की होगी ।
3. कोई भी अभ्यर्थी जिसे किसी अपराध या अन्य अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिये पात्र नहीं होगा। परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जाएगा, जब तक उस अपराधिक प्रकरण का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाये।
4. चयन उपरांत संबंधित आवेदक द्वारा पद ग्रहण के एक माह के भीतर जिला मेडिकल बोर्ड छ.ग. द्वारा जारी फिटनेस प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा, मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र जमा नहीं करने की स्थिति मे अथवा मेडिकल रूप से फिट नही होने की स्थिति मे उम्मीदवारी निरस्त की जावेगी।

## 6) अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में चयन समिति का निर्णय संबंधी :–

1. चयन के लिये अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। भर्ती प्रक्रिया के संबंध मे किसी भी प्रकार का विवाद/शिकायत/परिवाद की स्थिति मे संबंधित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश स्कूल संचालन प्रबंधन समिति का निर्णय अंतिम होगा एवं इसमे शामिल सभी पक्षो के लिए बंधनकारी होगा।
2. चयन्न प्रक्रिया के किसी भी समय पर अथवा चयन समिति को चयन सूची भेजने के बाद भी यदि चयन समिति के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी गई है तो वह अपात्र हो जावेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति चयन समिति द्वारा बिना पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।
3. आवेदक यह सुनिश्चित कर ले कि समस्त योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र एवं अभिलेख आवेदन के अंतिम तिथि के पूर्व का होना चाहिए।

## 7) अन्य निर्देश :–

1. नियुक्त उम्मीदवार को उनके पद के अनुसार शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार वेतन देय होगा।

2. नियमानुसार संविदा भर्ती के उप नियम (2) के अंतर्गत उल्लेखित मामलों को छोड़कर संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, महंगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा इत्यादि नहीं दिया जाएगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी।
3. विज्ञापन की विस्तृत एवं अद्यतन जानकारी जांजगीर–चांपा जिले के वेवसाईट https://janjgir-champa.gov.in पर नियमित अवलोकन करते रहें। इसके लिए पृथक से सूचना नही दी जायेगी। अतः अभ्यार्थी नियमित रूप से पोर्टल का अवलोकन करते रहें।
4. संबंधित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, स्कूल संचालन प्रबंधन समिति द्वारा संविदा पद पर नियुक्त समस्त अभ्यर्थियों के कार्य, व्यवहार, आचरण एवं कार्य प्रर्दशन का प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति मे मूल्यांकन किया जावेगा एवं उपयुक्तता के आधार पर संविदा अवधि में आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार वृद्धि की जा सकेगी।
5. अभ्यर्थी किसी भी पद पर आवेदन के पूर्व अपनी पात्रता एवं आवेदित पद हेतु वांछित न्यूनतम अर्हता का परीक्षण स्वयं कर लेवे। त्रुटिपूर्ण आवेदन, भ्रामक एवं गलत जानकारी के आधार पर अभ्यर्थी को किसी भी चरण में आपात्र घोषित किया जा सकता है केवल आवेदन कर देने मात्र से ही अभ्यर्थी का आवेदित पद पर चयन का अधिकार नहीं होगा।
6. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे, अमान्य आवेदनो के संबंध में पृथक से सूचना नही दी जायेगी।

## 8) ऑनलाईन आवेदन करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश :–

1. ऑनलाईन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का **Gmail** आई.डी. (जैसै–**xyz@gmail.com**) होना अनिवार्य है। **Gmail** आई.डी. नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थी **google** में जाकर **Gmail** आई.डी. बना लेवें।
2. अभ्यर्थी बेहतर सुविधा के साथ ऑनलाईन फॉर्म भरने के लिये लैपटॉप / डेस्कटॉप में **google chrome** का उपयोग करें।
3. ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज अपने साथ रखें।
   आवेदक अपने दस्तावेज के आधार पर ही **google form** भरे। आवेदक यह सुनिश्चित करे कि किसी प्रकार की डाटा एन्ट्री संबंधी त्रुटि नही हो। त्रुटि होने पर आवेदन अमान्य किया जावेगा।
4. ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी सर्वप्रथम जिले के वेबसाईट **https://janjgir-champa.gov.in** पर जावें।
5. जिले के वेबसाईट में आवेदन फॉर्म भरने के लिये निम्नानुसार 06 लिंक उपलब्ध हैं–
   a) व्याख्याता पद पर आवेदन हेतु लिंक
   b) शिक्षक पद पर आवेदन हेतु लिंक
   c) कम्प्यूटर शिक्षक पर आवेदन हेतु लिंक
   d) सहायक शिक्षक पद पर आवेदन हेतु लिंक
   e) प्रयोगशाला सहायक पद पर आवेदन हेतु लिंक
   f) प्रधान पाठक (प्राथमिक) पद पर आवेदन हेतु लिंक
6. अभ्यर्थी वेबसाईट में दिये गये लिंक पर क्लिक कर अपना आवेदन फॉर्म ऑनलाईन भर सकते हैं।
7. **google form** भरने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या हेतु अपनी समस्या **deosages@gmail.com** में भेज सकते है।
8. चयन प्रक्रिया संबंधित समस्त निर्देश एवं कार्यवाहियों की सूचना जिला जांजगीर–चांपा के वेबसाईट **https://janjgir-champa.gov.in** पर अद्यतन की जावेगी अतः अभ्यथियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पश्चात् नियमित रूप से वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम
विद्यालय, संचालन एवं प्रबंधन समिति
जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)
23/10/24.

पृ0क्र0 / 6597 / अंग्रेजी मा. / संविदा भर्ती / बैकलॉग / 2024–25 जांजगीर दिनांक 23/10/2024

प्रतिलिपि :–

1. सचिव छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. कलेक्टर, जिला जांजगीर–चांपा की ओर सादर सूचनार्थ संप्रषित्।
4. संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जांजगीर–चॉपा (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
6. उप संचालक, जनसंपर्क विभाग, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. जांजगीर–चांपा को सूचनार्थ एवं उक्त विज्ञापन विस्तृत विवरण सहित जिले के पोर्टल https://janjgir-champa.gov.in पर अपलोड किये जाने हेतु।
8. जिला कोषालय अधिकारी जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) को सूचनार्थ।
9. प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय .................................................................. को सूचनार्थ।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम
विद्यालय, संचालन एवं प्रबंधन समिति
जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)
23/10/24